प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री से विश्वविद्यालय के कुलपति ने की भेंट

पंतनगर। 14 जनवरी 2025। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की गयी। इस दौरान कुलपति ने माननीय मुख्यमंत्री को पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में 7 से 10 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले 117वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्य ोग प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया। भेंटवार्ता में इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम पर चर्चा की गई, जिसका उद्देश्य किसानों, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं को कृषि और संबंधित क्षेत्रों में प्रगति पर विचार–विमर्श करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति से राज्यभर के किसानों और संबंधित हितधारकों को प्रेरणा मिलेगी।

उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के साथ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार